कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.02.2025

विषय:- मानसिक चिकित्सालय जनपद वाराणसी से चकमा देकर फरार बन्दी/अभियुक्त समीर को थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा जनपद सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-084/25 धारा 261,262 बी0एन0एस0 थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित फरार अभियुक्त समीर पुत्र मो0 शमी निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय सी0जे0एम0 सहारनपुर से 03 दिवस का ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर दिनांक-01.02.2025 को जनपद सहारनपुर से थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी लाया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 29/01/2025 को वादी मुकदमा निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक मानसिक चिकित्सालय जनपद वाराणसी ने मानसिक चिकित्सालय की अभिरक्षा से बन्दी/मरीज समीर उपरोक्त द्वारा मानसिक चिकित्सालय पर ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को चकमा देकर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैंट में मु0अ0सं0-084/25 धारा 261,262 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सुरेन्द्र शुक्ला द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

समीर पुत्र मो0 शमी निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर, उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक-01.02.2025 को जनपद सहारनपुर से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 084/25 धारा 261/262 बी0एन0एस0 थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार शुक्ला थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 अखिलेश यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3- का0 अतुल पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।